an>

Title: Regarding withdrawal of cases against Dalit Samaj for the incident in Viana, Punjab in the year 2009.

श्री संतोख सिंह चौधरी (जालंधर) : अध्यक्ष महोदया, पंजाब प्रांत में मेरे संसदीय क्षेत्र जालंधर के गांव बल्ला में एक बहुत ही धार्मिक डेरा संत सरवनदास जी स्थापित है। इस डेरे के देश और विदेश में लाखों लोग अनुयायी हैं। यह डेरा गुरु रविदास जी की वाणी और फिलॉसफी का प्रचार करता है।

पंजाब के सारे जिलों में एक रविदास समाज के लोगों द्वारा एक शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट हुआ। उस वक्त प्रोटेस्ट में कुछ शरारती तत्व भी शामिल हो गए और उन्होंने तोड़फोड़ की। यह बहुत ही दुख की बात है कि पंजाब सरकार ने बहुत सारे लोगों पर मुकद्दमे दर्ज किए, कुल 73 मुकद्दमे दर्ज हुए जिनमें 30 मुकद्दमे अनट्रेस्ड पाए गए और 45 केसों में लोग बरी हो गए। पंजाब सरकार ने एक क्लेम कमीशन की स्थापना की है और नोटिफिकेशन दिया कि 700 करोड़ का लॉस रविदास समाज के लोगों ने किया है, जिसमें से 170 लोग बरी भी हो गए हैं तो इन लोगों से 700 करोड़ रुपये का दोगुणा करके वसूला जाए। यह पंजाब सरकार का नोटिफिकेशन है। पंजाब सरकार एक तरफ जो उग्रवादी हैं, ब्लैक लिस्टेड हैं उनको छुड़ाने के लिए बार-बार भारत सरकार के पास आते हैं। यह रविदास समाज के ऊपर बहुत बड़ा अन्याय है, एक तरह का धोखा है। मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह इसमें इंटरविन करे और क्लेम कमीशन को खारिज कराया जाए और झूठे जैसे मुकद्दमे को वापस लिया जाए।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. किरिट पी. सोलंकी - उपस्थित नहीं।